**दहशत** | दर रात गांव में घुसकर भोजन की तलाश करता रहा, जैतहरी क्षेत्र की घटना

# वन्यप्राणी ने किया गाय पर हमला



**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** जैतहरी क्षेत्र में इन दिनों वन्यजीवों की लगातार गतिविधियां ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। क्षेत्र में जहां तीन हाथियों का लगातार विचरण जारी है, वहीं रोहिलाकछार गांव में रविवार शाम एक हिंसक वन्यप्राणी द्वारा एक गाय पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत क्योटार के अंतर्गत रोहिलाकछार गांव निवासी बाबूलाल यादव अपने चार-पांच मवेशियों को जंगल में चराने के बाद शाम को वापस गांव ला रहे थे। इसी दौरान गांव के आंगनबाड़ी केंद्र के पास अचानक एक हिंसक वन्यप्राणी ने उनकी सफेद रंग की गाय पर हमला कर दिया। हमले में गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर जंगली जानवर जंगल की ओर भाग गया।

### वन विभाग ने निगरानी शुरू की

इसके बाद देर रात लगभग 11 बजे वही वन्यप्राणी दोबारा गांव की बस्ती में घुस आया और भोजन की तलाश में एक छानी पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने फिर हो-हल्ला कर उसे गांव से बाहर खदेड़ा। सूचना मिलने पर वन विभाग जैतहरी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आसपास के वन क्षेत्र में निगरानी शुरू कर दी है, वहीं गंभीर रूप से घायल गाय का पशु चिकित्सा विभाग द्वारा उपचार कराया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे दिन के समय भी स्वयं एवं मवेशियों को जंगल की ओर नहीं ले जाएं और सतर्क रहें।

### हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण कर रहे रतजगा



जैतहरी क्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में पिछले 31 दिनों से तीन हाथियों का एक समूह दिन-रात विचरण और विश्राम कर रहा है। देर रात अचानक जंगल से लगे गांव-टोला में हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग रातभर जागकर अपने घरों और खेतों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। यह जंगल ग्राम पंचायत क्योटार, पड़रिया एवं कुकुरगोडां के कई टोला-मोहल्लों से घिरा हुआ है, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल के भीतर या उसके किनारे बसे हुए हैं। हाथी रात के समय अचानक जंगल से निकलकर गांवों में पहुंच जाते हैं और खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

#### फसलों व सब्जियों को कर दिया नष्ट

बीते दिनों ग्राम पंचायत पड़रिया के चोई गांव के गोढाटोला में हाथियों ने दिनेश राठौर, विकास राठौर और कन्हैया राठौर के खेतों में लगी फसलों व सब्जियों को नष्ट कर दिया। वहीं, चोई के भलुवान टोला में जंगल किनारे बसे छंगू सिंह के घर में तोड़फोड़ कर हाथी सुबह होने से पहले जंगल लौट गए। रविवार देर रात हाथियों के समूह से अलग होकर एक छोटा हाथी झंडीटोला जंगल से निकलकर चोई गांव के गोढाटोला पहुंच गया। इस दौरान उसने विकास राठौर के खेत में लगी गेहूं की फसल और वर के पेड़ की टहनियों को नुकसान पहुंचाया।



# क्रिकेट : कोलमी की टीम बनी चैम्पियन

### न्यू जोन इंडिया कप टूर्नामेंट का समापन

**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** रक्सा-कोलमी स्थित मां ज्वाला खेल मैदान में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड के सहयोग से आयोजित न्यू जोन इंडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ। 2 जनवरी से प्रारंभ हुए इस ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की 16 पंजीकृत टीमों ने सहभागिता की। फाइनल मैच में कोलमी की टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आदिवासी-11 (रक्सा) और कोलमी की टीमें आमने-सामने रहीं। इस रोमांचक मुकाबले में कोलमी की टीम ने आदिवासी इलेवन रक्सा को 2 विकेट से पराजित किया। समापन समारोह पर अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं औद्योगिक प्रतिनिधि के साथ प्रमुख रूप से जिला पंचायत अनूपपुर अध्यक्ष प्रीति सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुन्ना सिंह, सरपंच कोलमी राजू पनिका विशेष अतिथि के रूप में में शामिल हुए।

#### नशे से दूर रहने खेलकूद अहम

न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं टोरंट पावर लिमिटेड ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी की ओर से एसके मिश्रा, ओपी नैनवाल एवं धीरेज सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। न्यू जोन इंडिया कंपनी के अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, नशे एवं भटकाव से दूर रखने तथा उनके शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# एसडीपीएल में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



उद्घाटन मैच संदेश इलेवन व सिस्टर वाइपर के बीच खेला गया

**जमुना कोतमा, नवभारत 12 जनवरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 संतोषी दफाई मालूमाड़ा में शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की पुण्य स्मृति में आयोजित एसडीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रात: 10:30 बजे मुख्य अतिथियों द्वारा शैलेन्द्र सिंह (टुन्ना) की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले 10-10 ओवर के खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला संदेश इलेवन एवं सिस्टर वाइपर टीम के बीच खेला गया। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 31,000, उपविजेता टीम को 15,000 तथा मैन ऑफ द सीरीज को 3,100 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक मैच में हैट्रिक के साथ 6 विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 100 का विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा।

#### इनकी रही उपस्थिति

अतिथियों में अजय यादव, सुखविंदर सिंह, राजू गुप्ता, संजय सिंह, अब्दुल कलाम, धीरेंद्र सिंह, विकास जायसवाल, लाल बहादुर जायसवाल, रामसनेही यादव, उमाशंकर सिंह, सचिन जायसवाल, मोंटू जायसवाल, बसंत सिंह, मोहन पाव, संतोष चौरसिया एवं गुलाब रजक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में आरसीबी, एससी, जीके, इलेक्स फाइटर सहित कई टीमें भाग ले रही हैं, जो मैदान पर अपना दमखम दिखा रही हैं।

### मकर संक्रांति मेले को लेकर प्रशासन सतर्क

**अनूपपुर, नवभारत।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व पर जिले के विभिन्न स्थानों पर मेला एवं धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे। 14 एवं 15 जनवरी को प्रस्तावित मेलों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने जिले के अनूपपुर, जैतहरी, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विकासखंडों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी तथा सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने नियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे संबंधित थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# युवाओं का अनुशासित होना आवश्यक : जायसवाल

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट का किया शुभारंभ



**बिजुरी, नवभारत।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर के राजीव रत्न क्रीड़ांगन में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग (एमपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रगान के साथ किया। टूर्नामेंट के पहले दिन पूल-ए के अंतर्गत तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच वार्ड नंबर-7 बी और रॉयल इलेवन-2 के बीच हुआ, जिसमें वार्ड नंबर-7 बी ने जीत दर्ज की। इस मुकाबले में सचिन सोनवानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें मंत्री द्वारा 5100 रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। दूसरा मुकाबला वार्ड नंबर 6 बनाम रामनगर इलेवन डोला के बीच खेला गया, जिसमें रामनगर डोला विजयी रहा। तीसरा मैच वार्ड नंबर-12 और वार्ड नंबर-13 के बीच हुआ, जिसमें वार्ड नंबर-12 ने जीत हासिल की। मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी विशाल सिंह, नीरज सिंह, संजय सिंह एवं सचिन पांडेय ने निभाई। इस अवसर पर मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने के लिए युवाओं का स्वस्थ, अनुशासित और लक्ष्यनिष्ठ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है, महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी मैदान में कितनी ईमानदारी और खेल भावना से संघर्ष करता है। यह टूर्नामेंट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, भाईचारे और टीम भावना का उत्सव है।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीती सतीश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा, कैलाश कोल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, सतीश शर्मा, पिंटू रजक, तरुणेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारी, पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, क्लब के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# तीन भैंस सहित पिकअप को किया जब्त

### अवैध पशु परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** जिले में पुलिस ने अवैध पशु परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन भैंसों को क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। इस दौरान दो आरोपियों को पकड़ा गया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 11 जनवरी को चौकी सरई थाना करनपठार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। मुखबिर ने बताया कि करपा की ओर से एक सफेद रंग की पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 1340 में काले रंग की पन्नी से ढककर भैंसों को ठूस-ठूस कर भरकर सरई मार्ग से उत्तर प्रदेश बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर करीब दो से ढाई घंटे बाद वाहन को रोका। वाहन रोकने पर एक व्यक्ति जंगल की ओर कूदकर फरार हो




गया, जबकि दो आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम कपूर चंद्र यादव एवं राम कुशल रैदास बताया। फरार आरोपी का नाम कमलेश चौधरी बताया गया।

#### आरोपियों के पास पशु परिवहन से संबंधित दस्तावेज नहीं मिले

जांच के दौरान वाहन से तीन भैंसें बरामद की गईं, जिन्हें क्रूरतापूर्वक लोड किया गया था। आरोपियों के पास पशु परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में करीब 6 लाख रुपये की पिकअप, 1 लाख रुपये मूल्य की तीन भैंसें एवं रस्सी जब्त की। मामले में आरोपियों के विरुद्ध पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत

# स्वदेशी अभियान राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक : प्रो. त्रिपाठी

### स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित, इंदिरा गांधी विवि में स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** जिले में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं में स्वदेशी भावना, राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से प्रात: रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प रन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद भवन (प्रशासनिक भवन) से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रभारी कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को प्रारंभ किया तथा स्वयं अग्रिम पंक्ति में रहकर प्रतिभागियों का नेतृत्व किया।



#### युवा राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं

इस अवसर पर उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका दर्शन आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक आत्मसम्मान और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक भी है। यदि आज का युवा स्वदेशी को अपने जीवन में आत्मसात करे तो वह राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई एवं शारीरिक शिक्षा विभाग का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. एन. मूर्ति, एनएसएस इकाई के डॉ. जयंत कुमार बेहरा, डॉ. जानकी प्रसाद, डॉ. आनंद सुगंधे, डॉ. अहमद सुहेल, डॉ. देवनारायण, डॉ. अमृता तथा शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. महेंद्र प्रताप गौर, डॉ. राम मिश्रा, डॉ. राकेश एवं डॉ. हिमांशी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. जयंत कुमार बेहरा द्वारा किया गया।

### पुलिस ने स्मार्टफोन बरामद कर मालिक को लौटाया

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिले में गुम अथवा चोरी हुए मोबाइल फोनों की त्वरित बरामदगी हेतु सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने एक गुम हुए स्मार्टफोन को खोजकर उसके वास्तविक मालिक को वापस लौटाया है। जानकारी के अनुसार ग्राम उफरी कला राजेंद्र ग्राम निवासी बबलू पनिका पिता जनोहर प्रसाद पनिका का लगभग 11,500 रुपये मूल्य का स्मार्टफोन 18 दिसंबर 2025 को गुम हो गया था। जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा कोतवाली अनूपपुर थाने में दर्ज कराई गई थी।





# बसखली ने वार्ड नं. 10 की टीम को हराया

### मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट का शुभारम्भ

**कोतमा नवभारत 12 जनवरी।** प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के मौके पर 12 जनवरी से मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट का आगाज़ हुआ। इस विधानसभा स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

पहला मुकाबला वार्ड 10 और बसखली के बीच हुआ। बसखली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। जवाब में वार्ड नं. 10 की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच लौकेश गुप्ता रहे। दूसरे मुकाबले में सकोला के सुनील साहू ने तूफानी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने मात्र 18 गेंदों में 7 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 54 रन बनाकर टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद की और 'मैन ऑफ द मैच' बने। तीसरे मैच में वार्ड 13 के अजय केवट ने सिर्फ 8 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 25 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई और 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

# चार चरणों में चलेगा संकल्प से समाधान अभियान



**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार अनूपपुर जिले में 12 से 31 मार्च तक चार चरणों में 'संकल्प से समाधान' अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर पंचोली ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर वार्ड स्तरीय समितियों का गठन किया जाए। इन समितियों के माध्यम से आवेदन एवं शिकायतों का संकलन किया जाएगा तथा प्रत्येक दल के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा।

#### मेगा आधार कार्ड कैंप आयोजित किए जाएं

कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस जिला प्रबंधक से आधार कार्ड कैंपों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जनवरी माह में जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में मेगा आधार कार्ड कैंप आयोजित किए जाएं। प्रत्येक कैंप में न्यूनतम 10 ऑपरेटरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कैंपों का नोडल अधिकारी बनाते हुए तिथियां निर्धारित करने को कहा गया।

#### नवजात शिशुओं के दस्तावेजों की जानकारी ली

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सिविल सर्जन से गर्भवति माताओं एवं नवजात शिशुओं के दस्तावेजीकरण की जानकारी ली। उन्होंने जिला चिकित्सालय में शीघ्र वन स्टॉप सेवा केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए, जहां जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दस्तावेजीकरण संबंधी समस्याओं सहित अन्य आवश्यक सेवाओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड कैंप आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

**सूर्य नमस्कार** | स्वामी विवेकानंद जयंती पर जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित, अनुलोम-विलोम भी किया

# सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का प्रतिभागियों ने किया अभ्यास






**अनूपपुर, नवभारत 12 जनवरी।** स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर तथा जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। यह आयोजन आकाशवाणी के पल-प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुआ।

#### मुख्यमंत्री का संदेश प्रसारित किया गया

आकाशवाणी प्रसारण के माध्यम से राष्ट्रगीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश प्रसारित किया गया। इसके उपरांत उपस्थित प्रतिभागियों ने कतारबद्ध होकर सूर्य नमस्कार प्रार्थना के साथ सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के तीन चक्र किए। तत्पश्चात प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया गया।

#### विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम हुए आयोजित

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी सामूहिक योग एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

#### वंदे मातरम् के गायन से हुई कार्यक्रम की शुरूआत

योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षक राजेश शर्मा, श्रीनिवास तिवारी एवं माधुरी राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के गायन से हुई तथा अंत में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सरिता नायक, लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खेल शिक्षक, युवा, महिलाएं एवं विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य-शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।